सत्रगत मूल्यांकन 2022

डी.एल.एड. प्रथम् वर्ष

(द्वितीय प्रश्न पत्र)

विषय : समसामयिक भारतीय समाज में शिक्षा

02 घंटे | पूर्णांक : 50

सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

निम्नलिखित में सही विकल्प चुनकर लिखिए - (5x1)

(1) यह कथन किसका है " राज्य की परिभाषा एक संगति राजनीतिक समुदाय के रूप में की जा सकती है। जिसकी एक सरकार होती है जो उसके लोगों द्वारा मान्य होती है।

(अ) गार्नर

(ब) कन्डेल

(स) वेवेस्टर

(द) हैना

(2) भूमंडलीयकरण की विशेषताएँ हैं -

(अ) सहयोग पर आधारित

(ब) सद्भावना पर आधारित

(स) उपर्युक्त दोनों

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(3) एक नागरिक का वैधानिक कार्य है -

(अ) राज्य भक्ति

(ब) कानून का पालन

(स) कर भुगतान

(द) उपरोक्त सभी

---

https://www.xamstudy.com

(4) यह कथन किसका है "संस्कृति हमारे दैनिक व्यवहार में कला साहित्य धर्म मनोरंजन और आनन्द में पाए जाने वाले रहन-सहन और विचार के तरीके में हमारी प्रकृति की अभिव्यक्ति है।"

(अ) मैकाइवर (ब) जे.एफ.क्यूबर

(स) टायलर (द) क्यूबर

(5) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की गई।

(अ) 1994 (ब) 1995

(स) 1993 (द) 1990

प्रश्न 02 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (5x1)

1. .... के अनुसार राज्य, धर्म, वंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर किसी भी नागरिक के विषय में कोई भेदभाव नहीं करेगा।
2. भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की समीक्षा के लिए .... की अध्यक्षता में मई 1990 को एक समिति का गठन किया।
3. पब्लिक स्कूल मुख्यतः .... की शिक्षा पद्धति की देन है।
4. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद का कार्यालय .... में है।
5. .... अन्तर्गत समाज में पाई जाने वाली समस्त जनरीतियाँ, प्रथाओं, संस्थाओं, विश्वासों, आदर्शों, धर्म कलाओं इत्यादि का समावेश होता है।

प्रश्न 03 अति लघुत्तरीय प्रश्न -

1. राज्य की संकल्पना और स्वरूप से क्या आशय है। 3
2. जनतंत्रवादी राज्य के विषय में लिखो। 3

https://www.xamstudy.com

3. संस्कृति का अर्थ क्या है ? 3

4. शिक्षा के संवैधानिक प्रावधान से आप क्या समझते है ? 3

दीर्घउत्तरीय प्रश्न :-

प्रश्न04. हमारे संविधान में मौलिक अधिकारों द्वारा सामाजिक समानता की व्यवस्था किस प्रकार अनुच्छेदों में स्पष्ट किया गया है ? 5

अथवा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में प्रारम्भिक शिक्षा तथा शैक्षिक समानता के लिए प्रमुख प्रावधान किस प्रकार है ?

प्रश्न05. पब्लिक विद्यालयों की भूमिका एवं मुख्य विशेषताएँ बताइए। 5

अथवा

वंचित वर्ग से आशय क्या है ? वंचन के प्रकार बताइए।

प्रश्न06. शिक्षा एवं निजीकरण से क्या आशय है ? विद्यालयों में निजीकरण के प्रमुख कारण बताइये। 5

अथवा

स्कूल का महत्व क्या है ?

प्रश्न07. विभिन्न प्रशासनिक संगठनों के अन्तर्गत शालाओं के प्रकार बताइये। 5

अथवा

शिक्षा में लोकतंत्र का क्या प्रभाव है स्पष्ट कीजिए।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न08. वैश्वीकरण के मार्ग में आने वाली प्रमुख बाधाओं का वर्णन कीजिए।

कृ.प.उ.

अथवा

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 को स्पष्ट कीजिए।

https://www.xamstudy.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से